दिनांक–10.10.2023

समय–7.10 AM

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार....

- विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के साथ प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू करने के लिए प्रशासन मैदान में।
- विभिन्न जिला कलेक्टरों ने बैठक कर दिये चुनाव संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश।
- विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक सरगर्मियां तेज। भाजपा ने जारी की चौथी सूची।
- विश्वकप क्रिकेट में आज बांग्लादेश और इंग्लैण्ड का मुकाबला । दूसरे मैच में पाकिस्तान और श्रीलंका की भिडंत।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा है कि मध्यप्रदेश में निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। प्रदेश में 5 करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 मतदाता फोटो निर्वाचक नामावली में नामांकित है। प्रदेश में 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। शहरी क्षेत्र में 16 हजार 763 और ग्रामीण क्षेत्र में 47 हजार 760 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक मदान केंद्र पर शौचालय, रेंप, व्हील चेयर, पानी, हेल्पडेस्क, बिजली आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वरिष्ठ नागरिक एवं (पीडब्ल्यूडी) दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र भूतल पर बनाए गए हैं। इन्हें घर से भी मतदान करने की सुविधा (पोस्टल बेलेट) दी गई है। श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतरू प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन सदन में कल से ही राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) द्वारा न्यूज चौनलों पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों एवं समाचारों पर निगरानी रखने के लिये जनसम्पर्क अधिकारियों की टीम 24 घण्टे निगाह रखेगी।

आचार संहिता

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों, संगठनों और निर्वाचन कार्य में संलग्न कार्यकर्ताओं और व्यक्तियों की निर्वाचन संबंधी गतिविधियां प्रारंभ हो गई है। इंदौर के कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत जिले के सभी विश्राम भवनों को अधिग्रहीत करने के आदेश जारी किए हैं। विश्राम गृह भवनों के नियंत्रणकर्ता अधिकारी नियम और निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे। उन्हें कहा गया है कि विश्राम गृहों का उपयोग राजनीतिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जाएगा।आगर मालवा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्रसिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेसवार्ता कर बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार इको फ्रेंडली चुनाव सम्पन्न करवाने की अपील के पालन में जिले में चुनाव में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने हेतु मीडिया प्रतिनिधि अपने स्तर से जागरूकता लाए। गुना जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी ने प्रेस वार्ता में निर्वाचन कार्यक्रम और जिले में की गई चुनाव तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की गतिविधियां राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशन 21 अक्टूबर को होगा, नामाकंन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर होगी, संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी, नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 नवम्बर होगी, मतदान 17 नवम्बर को होगा, मतगणना 3 दिसम्बर को होगी, निर्वाचन की पूर्णता 5 दिसम्बर 2023 को की जाएगी। जिले में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1092 हैं। जिनमें शहरी 269 तथा 823 ग्रामीण में हैं।

खण्डवा में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन के संबंध में की गई तैयारियों तथा आयोग के नवीनतम प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 4 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1062 मतदान केन्द्र है। बैतुल में जिला कलेक्टर ने बताया कि सी–विजिल

मोबाईल एप्लीकेशन की सुविधा प्रदान की गई है। जिसमें निर्वाचन संहिता के उल्लंघन की जानकारी नागरिकों द्वारा सीधे दी जा सकती है। शिकायतकर्ता अपने घर में बैठकर शिकायत दर्ज करा सकते है। अशोकनगर जिले में भी आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से राजनैतिक दलों और व्यक्तियों द्वारा प्रचार प्रसार हेतु अनुमति लेने के बाद ही सभाएं की जा सकेगी। झाबुआ में कल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री तन्वी हुड्डा की अध्यक्षता में हुई बैठक में नामांकन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।कटनी मे आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होनें के बाद कलेक्टर अवि प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन नें कटनी शहर की सड़कों में फ्लैग मार्ग किया।

महाकाल प्रवेश .

उज्जैन के ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में भी चुनाव आचार संहिता का पालन शुरू हो गया है। मंदिर प्रशासक ने राजनीतिक प्रोटोकाल का कोटा बंद कर दिया है। अब यहां राजनीतिक नेता भी आम श्रद्धालुओं की तरह भगवान महाकाल की भस्मारती में शामिल होंगे और गर्भगृह के बाहर से ही दर्शन और पूजन करेंगे। महाकाल मंदिर प्रबंध संमिति के प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि राजनीतिक कोटे की करीब 200 भस्म आरती अनुमति को ऑनलाइन सामान्य कोटे में शिफ्ट किया गया है। नई सरकार का गठन होने तक विभिन्न राजनीतिक दल के नेता आम भक्तों की तरह मंदिर में दर्शन करेंगे।

मध्य प्रदेश चुनाव

प्रदेश में चुनाव तारीखों का ऐलान होते ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं।मध्य प्रदेश में 17 नवम्बर को मतदान होगा। वहीं 3 दिसम्बर को चुनाव परिणाम आएंगे।

मध्य प्रदेश में 230 सदस्यीय विधानसभा में आमतौर पर सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला रहा है। इस बार भी स्थिति अलग नहीं है।चुनावी तैयारियों के लिहाज से देखें तो भाजपा अभी बढ़त बनाए हुए है। पार्टी ने अब तक 230 विधानसभा सीटों में से 135 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं जबकि कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं।वहीं, कांग्रेस के साथ राष्ट्रीय स्तर पर गठबन्धन में शामिल समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी जैसे दलों ने कुछ सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर कांग्रेस की परेशानी बढ़ा दी है।

आईसीसी

आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप में न्यूजीलैंड ने हैदराबाद में नीदरलैंड को 99 रनों से हरा दिया। 323 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की टीम 46 ओवर तीन गेंद में 223 रन पर सिमट गई। इससे पहले न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 322 रन बनाए।आज सुबह 10.30 बजे धर्मशाला में इंग्लैंड का मुकाबला बांग्लादेश से होगा और दोपहर 2 बजे से हैदराबाद में पाकिस्तान की भिड़ंत श्रीलंका से होगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

- डिंडौरी जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा की अध्यक्षता में कल जिला स्तरीय मीडिया सर्टीफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान विज्ञापनों का प्रमाणीकरण, पेड न्यूज की मॉनिटरिंग पर चर्चा की गई।
- इंदौर के सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित कार्यक्षेत्र के तहत जिले में राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के सहयोग से प्रत्येक ग्राम पंचायत में दुग्ध समिति गठन किये जा रहे हैं। इस संबंध में 38 दुग्ध समितियों के सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया।
- रानी कमलापति–जबलपुर के बीच चलने वाली वन्दे भारत एक्सप्रेस 15 अक्टूबर से रीवा तक जायेगी। वहीं रीवा से 16 अक्टूबर को यह सेवा शुरू होगी।